प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

तिथि : 02.09.2026 समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का किया शुभारंभ : कहा– प्रदेश के साढ़े तीन लाख से ज्यादा संविदा कर्मियों को मिलेगा उनका अधिकार।
- रिटायर्ड एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा होंगे अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के नए सीईओ : गोविंद देव गिरि को बनाया गया ट्रस्ट का महासचिव।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा 'सेवा संकल्प अभियान' : 13 प्रमुख कार्यक्रमों के माध्यम से जन–जन तक पहुंचाई जाएंगी 25 वर्षों के सेवा काल की उपलब्धियां।
- राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई जनपदों में रुक–रुक कर बारिश जारी : मौसम विभाग ने 6 सितंबर तक के लिए जारी की भारी बारिश की चेतावनी।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब आउटसोर्स कर्मियों को उनका अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में तय हुई उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा इन्हीं कार्मिकों के प्रयासों से संभव हो सकी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में साढ़े तीन लाख से ज्यादा आउटसोर्स कर्मी हैं। इस नई व्यवस्था में 20 लाख से लेकर 40 लाख रुपये तक बीमा कवर प्रदान किया जाएगा। आकस्मिक इलाज के लिए पांच लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश के हर एक जिले को एक जिला एक उत्पाद योजना के जरिए वैश्विक बाजार से जोड़ दिया है। बाइट.....

*डबल इंजन की सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की योजना लागू उसे तकनीक दिया। उसे बाजार दिया और उसे मार्केट के साथ जोड़ने का काम आज परिणाम हमारे सामने है। कारीगर के हाथ में जो कला थी, जब उसे बाजार दिया गया। बाजार मिला तो उसका हुनर प्रदेश में रोजगार बना। रोजगार बढ़ा तो वही कारीगर उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का हिस्सा भी बना।*

———————

पश्चिमी वायु कमान के पूर्व कमांडर, सेवानिवृत्त एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा को आज अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र ट्रस्ट का पहला मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की अध्यक्षता में अयोध्या के मणिराम दास छावनी में आयोजित ट्रस्ट की बैठक के बाद घोषित की गई। सीईओ ट्रस्ट के प्रशासनिक कार्यों की देख–रेख और श्री राम मंदिर परिसर से संबंधित प्रमुख परिचालन जिम्मेदारियों को संभालने के लिए जिम्मेदार होंगे। ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन ने तीन नए सदस्यों की नियुक्ति के बारे में जानकारी दी, जिनमें अयोध्या के वरिष्ठ अधिवक्ता मदन मोहन पांडे, दिल्ली के महेश भागचंदका और शिकोहाबाद की सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य डॉ. निर्मला यादव शामिल हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन ने बताया कि ट्रस्ट के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पश्चिमी वायु कमान के पूर्व कमांडर ने ऑपरेशन सिंदूर में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बाइट.....

*एयरफोर्स में इनको बहुत सारे मेडल मिले हैं। सर्वोत्तम युद्ध सेवा मेडल मिला है उनको और जो कि कॉन्फ्लिक्ट में सबसे हाईएस्ट अवॉर्ड होता है। ऑपरेशन सिंदूर में एयरफोर्स की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण थी। उस ऑपरेशन सिंदूर की भूमिका में कमांड करते उस एरिया को उसके लीडर थे।*

अंतरिम महासचिव ने बताया कि गोविंद देव गिरि ट्रस्ट के नए महासचिव होंगे और महेश भागचंदका नए कोषाध्यक्ष होंगे। बाइट.....

*मैंने इस काम के लिए हमारे श्री गोविंददेव गिरि जी से प्रार्थना किया। महाराज जी ने उसको स्वीकार कर लिया और आज से श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव के पद के पर महाराज जी कार्यरत हैं। महाराज जी के पास में कोषाध्यक्ष का भी दायित्व था तो महाराज जी ने यह कहा कि कोषाध्यक्ष जो है वह महेश भागचंद का जिनके बारे में मैंने बताया है वह इस दायित्व का निर्वहन करें।*

श्री राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के आरोपों के बाद मुख्य कार्यकारी अधिकारी के चयन के लिए 6 जुलाई को तीन सदस्यीय चयन समिति का गठन किया गया था। इस समिति में सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रमोद कोहली, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल विष्णुकांत चतुर्वेदी और सुरेश हावरे शामिल थे। सीईओ पद के लिए पांच हजार पांच सौ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे।

——————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने और प्रत्येक नागरिक को 'विकसित भारत 2047' के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। एक रिपोर्ट.....

*एक माह के इस व्यापक अभियान में 13 प्रमुख कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, विकास और जनभागीदारी की कहानी समाज के हर वर्ग तक पहुंचाई जाएगी। आशीर्वाद का दीया, '25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत', 'नमो सेवा गाथा', 'आंगन का उत्सव', 'कहानी बदलाव की', 'विकसित भारत संकल्प यात्रा', 'सेवा ज्योति यात्रा', 'वडनगर–से वाराणसी यात्रा', 'सेवा मेरा योगदान', 'सेवा सेतु अभियान', 'रंगोली राष्ट्र एवं घर–घर से राष्ट्र तक', 'राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज' और 'जनसेवा महाकुंभ' इसके प्रमुख कार्यक्रम होंगे। कल अभियान की कार्ययोजना पर उच्चस्तरीय चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर शाम सात बजे 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम से अभियान की शुरुआत हो। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित परिवार अपने घरों में दीप प्रज्वलित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन प्रमुख कार्यक्रमों के साथ प्रदेश के ऐतिहासिक एवं लोकप्रिय स्मारकों और पर्यटन स्थलों पर 'नमो सेवा' की थीम पर लेजर शो आयोजित किए जाएं। समाचार कक्ष से, राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

——————

भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में जन्माष्टमी पर्व को भव्य और दिव्य स्वरूप देने के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मथुरा में इस बार जन्माष्टमी पर पहली बार 500 ड्रोन के

जरिए आसमान में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और उनकी विभिन्न लीलाओं को जीवंत किया जाएगा। वहीं आज वाराणसी के श्रीकाशी विश्वनाथ धाम मंदिर से श्रीकृष्ण जन्म स्थान मथुरा में जन्मोत्सव के लिये उपहार सामग्री भेज दी गई है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने पर्व के मद्देनजर बसों और बस स्टेशनों पर सुदृढ़ परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। लखनऊ में इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम प्रभुजी ने बताया कि पर्व को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। बाइट.....

*तो यह कृष्णा नाइट जिसमें आपको बहुत सारा भगवान का सुंदर श्रृंगार, फूल बंगला, अभिषेक, दूध, दही, शहद 1008 तीर्थों के जल से अभिषेक दोपहर 12:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक चलने वाला है और इसमें आप सब भगवान का दर्शन पा सकते हैं। इस सेवा को कर सकते हैं और सभी के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था है।*

---

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए प्रदेश में विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान कल से 17 सितंबर तक चलाया जाएगा। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में संचालित होने वाले इस अभियान के दौरान 14 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 10 लाख पात्र किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लखनऊ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एन बी सिंह ने पात्र किशोरियों से टीकाकरण कराने की अपील की। बाइट.....

*14 से 15 साल के बीच की बच्चियों को एचपीवी वैक्सीनेशन अवश्य करवाएं। यह जो टीका है उनके सीए सर्विक्स या बच्चेदानी के कैंसर का बचाव का एकमात्र तरीका है। एचपीवी वैक्सीन का टीका लगवा के अपनी बच्चियों का भविष्य सुरक्षित रखें।*

---

राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई जनपदों में रुक रुक कर बारिश जारी है। मौसम विभाग ने 6 सितंबर तक प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश की कई नदियां उफान पर हैं। बदायूं, गाजीपुर, बलिया में गंगा नदी, लखीमपुर खीरी में शारदा और तुर्तीपार में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार की तरफ से लगातार बाढ राहत को लेकर कदम उठाये जा रहे हैं। बाइट.....

*जहां जहां बाढ़ का प्रकोप है उससे निपटने के लिए हमारी सरकार ने एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और जिला प्रशासन को सक्रिय कर रखा है। चित्रकूट मंडल में लगातार मंदाकिनी नदी का प्रवाह बढ़ रहा है, जलस्तर बढ़ रहा है। वहां सतर्क रहने कहा गया है और सभी जो भी जहां बाढ़ आई थी सबको रेस्क्यू कर लिया गया है और बाढ़ राहत कार्यक्रम लगातार चल रहा है।*